## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 12.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड के दौरे पर आये मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रामगढ़ के रजरप्पा में चुनाव वोलेंटियर के साथ किया संवाद, चुनाव प्रक्रिया में उनकी भूमिका को सराहा।
2. केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अपर सचिव झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर, खूंटी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की योजनाओं का लिया जायजा, सखी दीदियों से किया संवाद।
3. वक्फ संशोधन कानून को लेकर मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने भाजपा पर लगाया सांप्रदायिक होने का आरोप, भाजपा ने कहा– झामुमो की मानसिकता संकीर्ण।
4. भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य में घुसपैठ को लेकर सरकार पर फिर बोला हमला, कहा–आदिवासी अस्तित्व से समझौता बर्दाश्त नहीं।
5. खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने सीसीएल और विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक, राज्य में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना पर दिया जोर, जेएसएसपीएस के संचालन और खेलगांव के जीर्णोद्धार पर भी चर्चा।

*********************

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने आज रामगढ़ जिले के रजरप्पा में चुनाव वोलेंटियर के साथ संवाद किया और चुनाव प्रक्रिया में उनकी भूमिका की सराहना की। इससे पहले उन्होंने मां छिनमस्तिका मंदिर में पूजा अर्चना की। श्री कुमार अपने दौरे के अंतिम दिन कल वे रांची के दशम जलप्रपात परिसर में राज्य के बीएलओ से संवाद करेंगे और कठिन परिस्थितियों में चुनाव के बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित करेंगे।

*********************

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अपर सचिव टी. के. अनिल कुमार दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे हैं। दौरे के पहले दिन वे खूंटी गये, जहां उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चल रही विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया और सखी मंडलों की महिलाओं से बात की। इस दौरान महिलाओं ने अपने अनुभव उनसे साझा किये।

*********************

वक्फ संशोधन कानून को लेकर राज्य में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप –प्रत्यारोप का दौर जारी है। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने भाजपा पर सांप्रदायिक होने का आरोप लगाया है।

इधर, भाजपा ने झामुमो पर पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है झामुमो की मानसिकता काफी संकीर्ण है।

*********************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य में घुसपैठ को लेकर सरकार पर फिर हमला बोला है। सरायकेला के राजनगर प्रखंड के गामदेसाई फुटबॉल मैदान में सिदो– कान्हू की जयंती समारोह में उन्होंने कहा कि आदिवासी अस्तित्व के साथ समझौता उन्हें कतई बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में आदिवासियों का तेजी से धर्मांतरण हो रहा है।

*********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोना का भाव 89 हजार दो सौ पचास रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत 93 हजार 682 रुपये प्रति किलो है।

*********************

पाकुड़ जिला प्रशासन प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करनेवाले विद्यार्थियों के लिए विशेष पहल शुरु की है।

*********************

खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने राज्य में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना पर जोर दिया है। इस सिलसिले में उन्होंने रांची में सीसीएल के सीएमडी और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी के संचालन और खेलगांव के जीर्णोद्धार पर भी चर्चा हुई। बैठक के बाद श्री कुमार ने कहा कि खेलगांव न केवल झारखंड की शान है, बल्कि यह एक विश्वस्तरीय खेल संरचना भी है। इसे सही स्थिति में बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है।

*********************

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कांग्रेस की झारखंड प्रदेश इकाई रांची में अंबेडकर चौक से राजेंद्र चौक तक मानव श्रृंखला बनाएगी। यह जानकारी पार्टी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने दी। उन्होंने कहा कि मानव शृंखला के आयोजन का उद्देश्य बाबा साहेब के विचारों के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

*********************

आज देशभर में हनुमान जयंती धार्मिक उत्साह के साथ मनाई जा रही है। झारखंड के प्रमुख हनुमान मंदिरों में सवेरे से ही बड़ी संख्या भक्तों की लंबी कतार देखी जा रही है। कई जगहों पर भंडारा का भी आयोजन किया गया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई नेताओं ने राज्यवासियों को हनुमान जंयती की बधाई दी है।

*********************

- राज्यपाल संतोष गंगवार आज देवघर जाने के क्रम में कुछ देर के लिए गिरिडीह परिसदन में रुके। भाजपा के जिला अध्यक्ष महादेव दूबे के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। इसके पूर्व डीसी नमन प्रेयस लकड़ा और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल ने राज्यपाल का स्वागत किया।
- टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में नागपुर के गोरवाड़ा जू से लाए गए बाघ की जोड़ी को रूद्र व मेघना के नाम से जाना जाएगा। नागरिकों से मिले सुझाव के बाद बाघ–बाघिन के नाम को अंतिम रूप दिया गया है।
- दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के केसरगढ़ गांव के पास आज सुबह चलती बाइक पर पेड़ की एक डाली के गिर जाने से  एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये।

*********************

राज्य के 10 जिलों में आज भी आंधी–बारिश, ओलावृष्टि और कहीं–कहीं वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक रांची समेत राज्य के बाकी जिलों में हवा के साथ बारिश की संभावना है।

*********************